**Title:** Need to post adequate coast guards for the security of sea coast bordering Gujarat with Pakistan.

**श्रीमती भावनाबेन देवराज भाई चिखलिया (जूनागढ)** : अध्यक्ष महोदय, गुजरात राज्य एक ऐसा राज्य है जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय सीमाएं पाकिस्तान से लगी हैं। वहां इसका तटीय क्षेत्र 1600 किलोमीटर लम्बा है। गुजरात के तटीय क्षेत्र में रण क्षेत्र प्रमुख है। भारत में घुसने का वह एक ऐसा मार्ग है जहां से विदेशी तत्व प्रमुखतः आई.एस.आई. का प्रवेश हो सकता है। इस लंबे तटीय क्षेत्र की सुरक्षा सामान्य नहीं है। पिछले दिनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. के एजेंटों द्वारा विभिन्न चरणों में दबाव बना कर हमारी सुरक्षा को चुनौती दी गई। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पर्याप्त संख्या में वहां कॉस्ट गार्ड तैनात किए जाएं जिनके पास आधुनिकतम हथियार और साधन हो। समुद्र में चौकसी की दृष्टि से आधुनिकतम नौकाएं होनी चाहिए जो आई.एस.आई. की गतिविधियों को न केवल नियंत्रित कर सके अपितु उन्हें समाप्त करने में समर्थ हो सके। ऐसे संवेदनशील गुजरात के तटवर्ती क्षेत्र में शीघ्रातिशीघ्र कॉस्ट गार्ड की संख्या में वृद्धि की जाए जिससे उत्पन्न समस्या का निराकरण सम्भव हो सके।